**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 4(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ में बहरू चौराहा से ग्राम बण्डाखेड़ा नहर ब्लाक काकोरी तक रोड जर्जर एवं गड्ढा युक्त है जिससे राहगीरों एवं क्षेत्रीय जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? | जी हाँ । प्रश्नगत मार्ग बहरू-रेवरी मार्ग के ग्राम बहरू की आबादी भाग से ग्राम बण्डा खेड़ा (माइनर) निकलता है । उक्त मार्ग ग्रामीण श्रेणी का है, जिसकी लम्बाई 1.00 किमी0 है । मार्ग के कुछ स्थानों पर गड्ढे हो गये है, जिसकी मरम्मत का कार्य करा दिया गया है । मार्ग यातायात हेतु सुलभ आवागमन के लिए उपलब्ध है । |
| (ख) यदि हाँ, तो कब तक उक्त मार्ग का नवीनीकरण करा दिया जायेगा ? | उक्त मार्ग का नवीनीकरण वर्ष 2015 में हुआ था । ग्रामीण मार्गों के नवीनीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग की प्रचलित नीति के अनुसार निर्धारित चक्र 08 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त मार्ग को नवीनीकरण की कार्य योजना में सम्मिलित किया जायेगा । |

बृजेश सिंह,
राज्य मंत्री,
लोक निर्माण विभाग ।